**Subject Code : 24**
**B26-HIN (E)**

5824349

**1045**

# 2026

# HINDI (E)

## Group – A + B

***Full Marks : 100***
***Pass Marks : 30***

***Time : 3 hours***

*[For Candidates offering as an Elective Subject]*

***Group – A***

***Full Marks : 50***
***Pass Marks : 15***

***Time : 2 hours***

*[For Candidates offering in lieu of MIL]*

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

5824349 5824349 5824349 5824349

## GROUP – A

## खण्ड – क

**(पूर्णांक : 50)**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : $1 \times 4 = 4$

(क) सुन्दर सृष्टि हमेशा क्या खोजती है ?

(ख) 'सड़क की बात' शीर्षक लेख के लेखक कौन हैं ?

(ग) मीराँबाई के प्रभु का नाम क्या है ?

(घ) 'कबीर' शब्द का अर्थ क्या है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : $2 \times 9 = 18$

(क) मनुष्य सत्य से क्यों भागता है ?

(ख) छोटे जादूगर को निशानेबाज के रूप में क्यों देखा गया है ?

(ग) चपरासी ने नारद को क्या उपदेश दिया था ?

(घ) "मैं अपने ऊपर कुछ भी पड़ा रहने नहीं देती ।" – आशय स्पष्ट करो ।

(ङ) 'कस्तूरी का मिरग' के प्रसंग का उल्लेख करो ।

(च) 'जब लागी तब कोऊँ न जाने' का प्रसंग क्या है ?

(छ) "दो में से क्या तुम्हें चाहिए ।" – यहाँ कवि का आशय क्या है, स्पष्ट करो ।

(ज) "मैं तो मात्र मृत्तिका हूँ ।" – यहाँ कवि ने 'मात्र' शब्द का प्रयोग क्यों किया है ?

(झ) अक्षर कैसे चिनगारी बनते हैं, स्पष्ट करो ।

3. 'नींव की ईंट' शीर्षक निबन्ध का संदेश क्या है, स्पष्ट करो । 4

**अथवा**

सड़क के दुःख को रेखांकित करो ।

4. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करो : 4 × 2 = 8

(क) उदय के लिए आतुर हमारा समाज चिल्ला रहा है । हमारी नींव की ईंटें किधर हैं ?

**अथवा**

मैं किसी का भी लक्ष्य नहीं हूँ । सबका उपाय मात्र हूँ । मैं किसी का घर नहीं हूँ; पर सबको घर ले जाती हूँ ।

(ख) जाति न पूछो साधु की, पूछि लीजिए ज्ञान ।

मोल करो तलवार का, पड़ा रहने दो म्यान ।

**अथवा**

राम नाम रस पीजै मनुआँ, राम नाम रस पीजै ।

तज कुसंग सतसंग बैठ णित हरि चरचा सुण लीजै ।

काम क्रोध मद लोभ मोह कूँ, बहा चित्त सूँ दीजै ।

5. (क) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करो : 1 × 2 = 2

कान भरना; मुँह छिपाना; जान पर खेलना; खून-पसीना एक करना

(ख) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के लिंग-परिवर्तन करो : ½ × 4 = 2

अभिनेता; बाघिन; देव; घोड़ी; मर्द; बनिया; चौधरानी; वर

(ग) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की सन्धि करो : 1 × 2 = 2

निः + मल; अति + आचार; कल्प + अंत; तथा + एव

58243349

(घ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के बहुवचन-रूप लिखो : ½ × 4 = 2

बच्चा ; शाखा ; रात ; नारी ; चिड़िया ; बहू ; आदत ; गधा

(ङ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½ × 4 = 2

धरती ; उम्र ; पानी ; नर ; पंछी ; सागर ; गायक

(च) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए (**किन्हीं चार** के) एक-एक शब्द लिखो : ½ × 4 = 2

जिसके दस आनन हैं ; बीता हुआ ; शिव का उपासक ; जिसकी उपमा न हो ; खाने योग्य ; जीवन-भर

(छ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के विलोमार्थक शब्द लिखो : ½ × 4 = 2

अल्पज्ञ ; अग्रज ; आधुनिक ; क्रय ; गणतन्त्र ; गृहस्थ ; कृतज्ञ

(ज) निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्हीं दो** को शुद्ध करो : 1 × 2 = 2

(i) पिताजी आप करो ।

(ii) दुश्मनों ने प्रत्येक क्षेत्रों पर अधिकार जमाया है ।

(iii) मैंने अपरा नामक लड़की को देखी है ।

## GROUP – B

## खण्ड – ख

**(पूर्णांक : 50)**

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1 × 5 = 5

(क) 'बच्चन' की कविताएँ किस वाद से सम्बन्धित हैं ?

(ख) कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे ठोकर मारने की बात कही है ?

58243349

(ग) महादेवी वर्मा का 'नीलकंठ' पाठ गद्य-साहित्य की किस कोटि में आता है ?

(घ) "दुनिया बदल रही है ।" – यह वाक्य किस पाठ से सम्बन्धित है ?

(ङ) कार्तिकेय के युद्ध-वाहन का नाम क्या है ?

58243349

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : **2 × 8 = 16**

(क) अपने प्रिय तारों के टूटने पर अम्बर कभी शोक नहीं मनाता है, क्यों ?

(ख) "जो मादकता के मारे हैं, वे मधु लूटा ही करते हैं ।" – आशय स्पष्ट करो ।

(ग) "ले-देकर जीना, क्या जीना ?

कब तक गम के आँसू पीना है ?" – यहाँ ले-देकर जीने का क्या तात्पर्य है ?

(घ) बड़े मियाँ का परिचय दो ।

(ङ) ऐसी कौन सी परिस्थिति आती है, जिसमें नीलकंठ अस्थिर हो उठता है और उसे बाहर छोड़ देना पड़ता है ?

(च) "अर्पण कर सर्वस्व मनुज को,

कर न दुष्ट का आत्मसमर्पण !" – अर्थ स्पष्ट करो ।

(छ) कवि ने प्रतिहिंसा को व्यक्ति की दुर्बलता क्यों कहा है ?

(ज) लेखक ने क्यों कहा है कि वास्तव में पत्र किसी दस्तावेज़ से कम नहीं है ?

8. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो : **5**

"मैं अपने शाल में लपेट कर उसे संगम ले गई ।" – यहाँ संगम ले जाने के पीछे निहित अर्थ को स्पष्ट करो ।

**अथवा**

'चिट्ठियों की अनूठी दुनिया' में चित्रित अनूठेपन को रेखांकित करो ।

9. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) विद्यार्थी और अनुशासन

(ख) राष्ट्रीय एकता

(ग) 'भारत रत्न' डॉ. भूपेन हाजरिका

(घ) पर्यावरण-संरक्षण

58243349

10. अपने इलाके की स्वच्छता की सख़्त आवश्यकता की ओर सम्बद्ध व्यक्ति (ग्राम-प्रधान/नगरपालिका के अध्यक्ष आदि) का ध्यान आकर्षित करते हुए गुवाहाटी से निकलने वाले 'विकसित असम' समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लिखो । 5

**अथवा**

अपने इलाके में आये-दिन लगातार हो रही चोरियों की रोकथाम के लिए नियमित गश्त बढ़ाने हेतु प्रार्थना करते हुए थानाध्यक्ष को एक पत्र लिखो ।

58243349

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दो :

हमारे जीवन में उत्साह का विशेष स्थान है । वह अच्छे गुणों में एक माना जाता है । उचित कर्मों के लिए किया गया उत्साह शुभ और सुंदर होता है । उत्साह आनंददायक भी होता है । उदाहरण के लिए हमें अपने किसी मित्र के आने का समाचार प्राप्त होता है । एक स्थिति तो यह है कि उस समाचार को सुनकर हम बैठे ही रहें और केवल मुस्कुराहट भर दें । एक स्थिति यह भी होती है, जब समाचार सुनकर हम दौड़ कर आगे जायें, मित्र के गले लगें और अत्यधिक प्रसन्न दिखाई दें । यहाँ दूसरी स्थिति का नाम है उत्साह । उत्साह की स्थिति ही मनुष्य से कार्य करवाती है । प्रत्येक कार्य को करने में बुद्धि का सहयोग भी साथ रहता है । किसी कार्य में बुद्धि और शरीर एक ही गति में चलते हैं । ऐसे उत्साही, जिनकी बुद्धि और शरीर समान कार्य करते हैं, कर्मवीर कहलाते हैं ।

58243349

उत्साह आनंद और साहस का मिला-जुला रूप है । उत्साह में किसी वस्तु पर ध्यान केन्द्रित होता है, वह चाहे कर्म पर, चाहे कर्म के फल पर और चाहे व्यक्ति या वस्तु पर हो । उसके आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है । कर्म-भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव सिर्फ सच्चे वीर ही कर सकते हैं ; क्योंकि उसमें साहस की अधिकता होती है ।

58243349

**प्रश्नावली :**

(क) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दो । 1

(ख) उत्साह को परिभाषित करो । 1

(ग) उत्साह का मुख्य लक्षण क्या है ? 1

(घ) कर्मवीर किसे कहा जाता है ? 1

(ङ) उत्साह किन-किन भावनाओं के मिश्रण से बनता है ? 1

(च) सच्चा वीर कर्म के आनंद का अनुभव कब करता है ? 1

58243349

12. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करो : $1 \times 5 = 5$

(क) Shillong is not far from Dispur.

(ख) It takes 3 hours time to Shillong from Dispur by a taxi.

(ग) Haricharan is a brilliant student.

(घ) He said, 'Two plus two is equal to four'.

(ङ) He can speak English fluently.

58243349

58243349